प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 09.10.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—

1— केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के छह जिलों में तीन सौ चौबीस किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए आठ सौ बयानवे करोड़ रुपए स्वीकृत किए।

2— प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में आने वाले पांच सालों में महतारी सदन बनाए जाएंगे।

3— जबलपुर में तेरह नवंबर को अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा।

4— छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाई।

..........................................................

<u>सड़क निर्माण—स्वीकृति</u>

केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के छह जिलों में तीन सौ चौबीस किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए आठ सौ बयानवे करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बीते तीस सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ नई दिल्ली में हुई बैठक में इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दी थी। श्री गडकरी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर भारत सरकार द्वारा इन प्रस्तावों को मंजूर किए जाने की जानकारी साझा की है। उन्होंने लिखा है कि छत्तीसगढ़ के बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, जशपुर, बिलासपुर और खैरागढ़ जिलों में आठ सड़क खंडों के विकास के लिए स्वीकृति दी गई है।

..........................................................

<u>डाक सप्ताह</u>

भारतीय डाक विभाग द्वारा सात से ग्यारह अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल दिनेश कुमार मिस्त्री ने आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में बताया कि डाक सप्ताह के दौरान विभाग अपनी नवीनतम सेवाओं को जनता के बीच ले जाने का प्रयास कर रहा है। इस बारे में और ब्यौरा दे रहे हैं, हमारे रायपुर संवाददाता अभिषेक कुमार –

डाक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय विजेताओं को आज पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा दुर्ग जिले में डाक विभाग ने मैराथन की तर्ज पर पोस्टाथन का आयोजन किया। इसमें डाक विभाग के अधिकारियों–कर्मचारियों के साथ ही जिले के खिलाड़ी और नागरिक भी शामिल हुए।

..............................................................

महतारी सदन

आने वाले पांच वर्षों में प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाए जाएंगे। पहले चरण में प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनाने का कार्य शुरू किया जा रहा है। महतारी सदन का निर्माण लगभग पच्चीस सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महतारी सदन सहायक होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक सौ उनयासी महतारी सदन बनाने की स्वीकृति मिली है। इसके लिए बावन करोड़ बीस लाख रूपये मंजूर किए गए हैं। महतारी सदन में महिलाओं के लिए कमरा, बरामदा, हॉल, किचन, स्टोर रूम, पेयजल के लिए ट्यूबवेल और सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाएं होंगी।

..............................................................

अग्निवीर–भर्ती रैली

जबलपुर के रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में तेरह नवंबर को सुबह चार बजे से अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को जबलपुर के एयरपोर्ट रोड स्थित प्रवेश–द्वार पर सुबह दो बजे तक रिपोर्ट करना होगा। इस रैली में कॉमन एंट्रेस एग्जाम–सीईई में सफल मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की दो सौ इकतालीस युवतियां भाग लेंगी। सभी अभ्यर्थियों को बीते तीन अक्टूबर को उनके पंजीकृत ई–मेल आईडी पर एडमिट कार्ड भेज दिए गए हैं। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड और रैली

नोटिफिकेशन के अनुसार सभी दस्तावेज और आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जबलपुर स्थित भर्ती कार्यालय के मोबाइल नंबर – सात दो चार सात शून्य दो आठ नौ नौ छह (7247028996) पर संपर्क किया जा सकता है।

............................................................

माओवादी–शिनाख्त

नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच बीते चार अक्टूबर को हुई मुठभेड़ में मारे गए सात और माओवादियों की पहचान कर ली गई है। इस तरह इस मुठभेड़ में मारे गए इकतीस माओवादियों में से अब तक कुल उनतीस माओवादियों की शिनाख्त हो गई है।

............................................................

माशिमं–आवेदन तिथि

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर से बढ़ाकर तीस अक्टूबर कर दी गई है। विद्यार्थी विशेष विलम्ब शुल्क पंद्रह सौ चालीस रूपए के साथ फॉर्म भर सकते हैं। सभी मान्यता प्राप्त संस्थाओं को निर्देश दिया गया है कि वे इस समय अवधि के भीतर ऑनलाइन प्रविष्टि और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को पूरा करें। निर्धारित समय के बाद पोर्टल दोबारा शुरू नहीं किया जाएगा।

............................................................

धमतरी–आयुष रसशाला

धमतरी जिले के सिंगपुर गांव में आयुष विभाग द्वारा आयुष रसशाला–बूटीगढ़ की स्थापना की गई है। यह रसशाला जड़ी–बूटी वाले पौधों के संवर्धन उनके प्रचार–प्रसार और उनके उपयोग के लिए बनाई जा रही है। यह प्रदेश में अपनी तरह का पहला नवाचार माना जा रहा है। इस बारे में और ब्यौरा दे रहे हैं, धमतरी से हमारे संवाददाता रोशन सिन्हा –

............................................................

भाजपा–सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक और प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कहा है कि इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में बीते छत्तीस दिनों के भीतर भाजपा के छत्तीस लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में प्रदेश में पार्टी के पचास लाख से अधिक सदस्य बना लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन सदस्य बनाने के बाद अब प्रदेश में ऑफलाइन फॉर्म भरकर भी लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई जा रही है। सदस्यता अभियान को गति देने प्रदेश के सभी पांच संभागों से भारतीय जनता युवा मोर्चा की बीस रथयात्राएं शुरू हो चुकी हैं।

..............................................................

कोंडागांव–साइबर जागरूकता

कोंडागांव जिले के माकड़ी थाना में साइबर जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान नृत्य और नुक्कड़–नाटक के जरिये लोगों को साइबर ठगी के प्रति जागरूक किया गया।

..............................................................

संक्षिप्त समाचार–01

और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हर गुरुवार को होने वाला जनदर्शन कल दस अक्टूबर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

– केन्द्र सरकार ने लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति को मंजूरी दे दी है।

– भारतीय रिजर्व बैंक ने शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है।

– दुर्ग के जिला रोजगार केन्द्र में सोलह अक्टूबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

– रायगढ़ बायपास मार्ग पर गोवर्धनपुर के पास केलो नदी पर बने पुल पर भारी वाहनों का आवागमन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

– स्वच्छता पखवाड़े के तहत रायपुर रेलमंडल के विभिन्न स्टेशनों में आज स्वच्छ आहार थीम के तहत कैंटिनों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और साफ–सफाई की जांच की गई।

– रेलवे द्वारा नवरात्र के मौके पर एक सौ पचास से अधिक स्टेशनों पर व्रत स्पेशल थाली उपलब्ध कराई जा रही है।

– दुर्ग पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी और धोखाधड़ी के तीन आरोपियों को मुंबई से गिरफ्तार किया है। इन लोगों को लाओस में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगाने के नाम पर दो लाख रूपये की ठगी करने का आरोप है।

..............................................................

संक्षिप्त समाचार–02

– बिलासपुर में निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सीईओ ने तीन सचिवों को निलंबित कर दिया है।

– आयुष्मान भारत योजना के तहत लापरवाही बरतने के आरोप में राज्य नोडल एजेंसी ने रायपुर के एक अस्पताल का पंजीयन निरस्त कर दिया है। वहीं, दूसरे अस्पताल पर करीब इकतीस लाख रूपये का जुर्माना लगाया है।

– सरगुजा जिले में आज छुही खदान धंसने से दो लोगों की मौत हो गई है।

– रायपुर के खमतराई इलाके में तालाब में डूबने से दो भाइयों की मौत हो गई।

– सक्ती जिले में दो से आठ अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान मादक पदार्थों और नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए और जन–जागरूकता लाने कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

– रायपुर के जे.आर.दानी स्कूल में चल रही राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>